# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 शासकीय स्कूलों के शौचालयों की हालत खराब विकासखण्ड उदयपुर के 220 शौचालय जर्जर




## खबर संक्षेप

### पीतल के अंगूठी को सोना का बता ले उड़े 54 हजार के सोने का मंगलसूत्र

**राजपुर।** ज्वेलर्स दुकान में मंगलसूत्र खरीदने के बहाने दो युवकों ने न सिर्फ दुकानदार को चकमा दिया बल्कि बातो में उलझाकर अपने पास रखे पीतल के अंगूठी को सोने का बता कर 54 हजार से अधिक कीमत का सोने का मंगलसूत्र ले उड़े। दुकान संचालक ने घटना की शिकायत थाने में की है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी युवकों की तलाश में जूट गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे स्टेट बैंक के समीप प्रकाश ज्वैलर्स में दो अज्ञात व्यक्ति पहुंची और मंगलसूत्र का लॉकेट देखने की बात कही। जिस पर दुकानदार ने 54 हजार 690 रुपए कीमत का मंगलसूत्र दिखाया गया। इसी बीच दोनो ने अपने पास रखे अंगूठी को दिखा कर दुकानदार से कीमत पूछी तो दुकानदार ने अंगूठी की कीमत लगभग 57 हजार 500 रुपए का होना बताया। दोनों युवक ने अपने अंगूठी के बदले मंगलसूत्र देने तथा शेष 2,810 राशि बाद में समायोजित करने का झांसा दिया गया और दुकानदार को बातों में उलझाकर कुछ समय बाद मंगलसूत्र लेकर दुकान से फरार हो गए। इधर जब दुकानदार ने अंगूठी की जांच की तो उसके होश उड़ गए। अंगूठी सोने के बजाय पीतल का निकला। दुकानदार ने धोखाधड़ी कर 54 हजार से अधिक कीमत के सोने का मंगलसूत्र ले जाने की शिकायत थाने में की। बताया जा रहा है कि दोनों पैदल दुकान आए थे। बताया जा रहा है कि दोनो वाड्रफनगर में भी पीतल के अंगूठी को सोना बता कर बदलने गए थे लेकिन सफल नहीं हो सके। बहरहाल मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जूट गई है।

### पलक झपकते ही चोरों ने पार किया बाइक, थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**सीतापुर।** नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पलक झपकते ही पार कर दिया। पीड़ति बाइक में चाभी लगा छोड़कर मोबाइल दुकान के अंदर गया था। दस मिनट बाद जब वो दुकान से बाहर आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार ग्राम तेलाईधार निवासी फनाउल्लाह खान उर्फ भोला आ. सेजाम खान (35 वर्ष ) पुराना बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान आया था। युवक अपनी बाइक क्रमांक सीजी 13 डब्ल्यू 4801 में चाभी लगा छोड़ मोबाइल दुकान में चला गया। दस मिनट बाद जब दुकान से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो मोबाइल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो कैमरे में एक अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते नजर आया। घटना की रिपोर्ट बाइक मालिक ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### फरार आरोपी ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**अम्बिकापुर।** गत दिनों 295 नग नशीला कैप्सूल के मामले में आबकारी नियंत्रण कक्ष से फरार आरोपी ने आज विशेष न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 11 अप्रैल को आबकारी उड़नदस्ता टीम ने मुखबिर की सूचना पर आईटीआई कॉलोनी विश्रामपुर निवासी भोले घसिया के शयन कक्ष से कुल 295 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत कार्रवाई कर रिमांड के लिए सूरजपुर आबकारी नियंत्रण कक्ष ले गया। जहां आरोपी भोले घसिया को आबकारी नियंत्रण कक्ष में प्रधान आरक्षक मेवालाल सोनवानी एवं एक महिला सैनिक के हवाले कर एक अन्य कार्रवाई के लिए आबकारी उड़नदस्ता एवं सूरजपुर की टीम दूसरी तरफ चली गई। इसी बीच आरोपी भोले घसिया ने पानी पीने के बहाने चकमा देकर फरार हो गया था। आज आरोपी भोले घसिया ने विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आरोपी भोले घसिया को पुनः गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड लेकर आज जेल दाखिल कर दिया गया है।

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित, इस बार भी लड़कियां रहीं आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर











सीबीएसई ने 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी। आज देर शाम को परीक्षा परिणाम घोषित होने की वजह से पूरे सरगुजा संभाग का परिणाम सामने नहीं आ सका है किन्तु जो परिणाम अब तक मिले हैं उसमें इस बार भी छात्राएं छात्रों से आगे निकलती दिख रही है।

अब तक जो परिणाम सामने आये है उसमें पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा सृष्टि ठाकुर ने 10वीं बोर्ड में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया है। द्वतीय स्थान पर कार्मेल स्कूल के छात्र ज्ञान्शु तिवारी ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपना उत्कृष्ठ स्थान बनाया है। कार्मेल की ही शिविका अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा भूमिका भोय ने 97.8 एवं हर्षित राज ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किया है वहीं मोंटफोर्ट स्कूल के छात्र समर्थ बराड़े ने 97 एवं सृष्टि चौधरी ने 96 प्रतिशत तृप्ति गुप्ता 96 एवं स्नेहा टोप्पो ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। मोंटफोर्ट के प्राचार्य ब्रदर एस. गैबियल ने बताया कि मोंटफोर्ट के ही करीब 25 बच्चे ऐसे है जिन्होंने 90 प्रतिशत से 96 प्रतिशत के बीच अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजू दुबे ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### 10 वीं सीबीएससी बोर्ड में डीएवी के शिखर भारत ने अर्जित किए 91.6 प्रतिशत अंक



**बिश्रामपुर।** बुधवार को सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली ने हाई स्कूल परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं,जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के दसवीं कक्षा के छात्र शिखर भारत ने सभी विषयों में विशेष योग्यता अर्जित करते हुए मेरिट में स्थान बनाया है। आरंभ से मेघावी छात्र रहे शिखर भारत ने अंग्रेजी में 92,संस्कृत में 96,गणित में 92, विज्ञान में 82,सामाजिक विज्ञान में 96 कुल 458 अंक अर्जित कर 91.6 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। शिखर भारत रेलवे स्टेशन निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता संजय भारत के भतीजे और प्रशांत भारत के सुपुत्र हैं।

## डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में आपूर्ति शुरू होने का इंतजार

# जल जीवन मिशन की पानी टंकिया बनी शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

**खास बात**

- कहीं पाइप लाइन क्षतिग्रस्त तो कही निर्माण अधूरा

घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण करा दिया है। दो-तीन स्थानों को छोड़कर अभी तक दो दर्जन से अधिक गांवों में पानी की आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है। टंकी बनाने के अभी भी अधिकांश गांवों में योजना का निर्माण पूरा नहीं हो सका है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही अब पानी की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है तथा कुंए एवं हैण्डपंप का जलस्तर लगातार नीचे खिसक रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने करोड़ों रूपए खर्च कर घर-घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण करा दिया है। कई गांवों में पाइप लाइन का आधा-अधूरा विस्तार भी करा दिया गया है लेकिन कहीं भी योजना के उद्देश्यों के अनुरूप पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है। पूर्व में विभाग ठेकेदारों पर जल्दी निर्माण पूरा करने का दबाव डाल रहा था। ठेकेदार विभाग की मंशा के अनुसार निर्माण भी कर रहे थे। निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हो सका थ कि ठेकेदारों ने अचानक निर्माण को रोक दिया। इसके बाद दोबारा निर्माण शुरू नहीं हो सका। हालत यह है कि गांवों में पानी टंकी तो बन गई है लेकिन कही भी अंतिम छोर तक पाइप लाइन का विस्तार नहीं हो सका है। जहां पाइप लाइन का विस्तार हुआ भी है तो कहीं टंकी से नहीं जोड़ा गया है। वहीं कई गांवों की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। एक साल पूर्व योना को चालू करने के उद्देश्य से ठेकेदारों ने कुछ गांवों में पानी की आपूर्ति कर योजना का परीक्षण किया था इस दौरान कुछ स्थानों पर लीकेज एवं पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आने के बाद ठेकेदारों ने जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था लेकिन एक साल का समय गुजरने के बावजूद न तो क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कराई गई न ही अधूरे कार्यों को ही पूरा किया गया। हालत यह है कि निर्माण कार्यों पर करोड़ों रूपए खर्च होने के बावजूद इसका लाभ नहीं मिल रहा है तथा जल जीवन मिशन की पानी टंकियां शो-पीस बनकर रह गई है। ठेकेदार भी अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने में रूचि नहीं ले रहे हैं।



शो-पीश बना पानी टंकी।

### कई गांवों में नहीं है जलस्त्रोत

विकासखण्ड लुण्ड्रा में कई गांव ऐसे हैं जहां पानी टंकी तो बन गई है लेकिन जल आपूर्ति के लिए अभी तक स्त्रोत उपलब्ध नहीं हो सका है। पूर्व में विभाग के अधिकारियों ने पड़ोस के जल उपलब्धता वाले गांवों में ट्यूबवेल खनन करा टंकी तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई थी। कुछ गांवों में प्रयोग भी किये गए लेकिन योजना आगे नहीं बढ़ सकी। बाद में समूह जल आवर्धन योजना के माध्यम से पानी की आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया। लम्बी मशक्कत के बाद हाल ही में बांकी समूह जल आवर्धन योजना का निर्माण प्रारम्भ किया गया है जिसके पूरा होने के लिए क्षेत्रवासियों को लम्बा इंतजार करना पड़ सकता है। कई जलस्त्रोत विहीन गांवों में अभी तक पानी टंकी का निर्माण प्रारम्भ भी नहीं हो सका है।

### इन गांवों में टंकी तैयार, आपूर्ति का इंतजार

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमड़ी, ढुमकी, चंदेश्वरपुर, नागम, अगासी, परोरा, मधुपारा, पसेना, रिरी, कोइलारी, जोरी में एक साल पूर्व ही पानी टंकी एवं पाइप लाइन विस्तार का कार्य पूरा कर लिया गया है लेकिन अभी तक न तो योजना का परीक्षण हो सका है न ही आपूर्ति प्रारम्भ करने की कोई पहल हो रही है। ग्राम पंचायत चंदेश्वरपुर में जल संकट की स्थिति निर्मित होने पर पांच वर्ष पूर्व हैण्डपंप में मोटर डालकर एक मुहल्ले में जल आपूर्ति प्रारम्भ की गई थी। ग्रामीण लम्बे समय से जल आवर्धन योजना की आपूर्ति शुरू होने का इंतजार कर रहे है। ग्राम घघरी एवं सहनपुर में लोहे के स्टैण्ड पर प्लास्टिक की टंकी रखकर पारा-मोहल्लों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। विकासखण्ड मुख्यालय धौरपुर में योजना का निर्माण पूरा होने के बावजूद आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है तथा पुरानी टंकी से किसी तरह प्यास बुझाई जा रही है।

### जमोनी में पी रहे ढोढ़ी का पानी

जल जीवन मिशन की आपूर्ति शुरू नहीं होने के कारण कई गांवों में जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है तथा ग्रामीणों को पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत डूमरडीह अंतर्गत तेनापारा एवं कोरवा पारा के ग्रामीणों को भीषण गर्मी में लम्बी दूरी से पानी लाना पड़ रहा है। ग्राम जमोनी के ग्रामीण भी प्यास बुझाने के लिए एक किमी दूर स्थित ढोढी से पानी ला रहे है। नगरीय क्षेत्र के लोगों को भी कांवर से पानी लाना पड़ रहा है।

### भुगतान समस्या के कारण समस्या

विभाग के पास राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण ठेकेदारों का भुगतान रूक गया है। दबाव में ठेकेदारों से काफी काम कराया गया लेकिन अब ठेकेदार निर्माण में रूचि नहीं ले रहे है। स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**-मुकेश गुप्ता**, सहायक यंत्री, पीएचई

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

देर रात कटनी गुमला नेशनल हाईवे क्रमांक 43 ग्राम सोनतराई के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपने परिचित के यहां ग्राम गुरगुमा आया था जहां से देर रात वापस घर लौट रहा था। मामले में पुलिस ने घटना कारित वाहन कर जब्त किया है।

जानकारी अनुसार विकासखंड बतौली के ग्राम देवरी निवासी अविनाश उर्फ राहुल सिंह (25 वर्ष) मंगलवार को अपने परिचित ग्राम गुरगुमा निवासी के यहां आया था। जहां से देर रात बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएच 3889 से अपने घर देवरी वापस जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही कटनी-गुमला नेशनल हाईवे क्रमांक 43 ग्राम सोनतराई के समीप पहुंचा तभी सामने जा रहे ट्रेलर की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि युवक की बाइक अनियंत्रित होकर ट्रेलर क्रमांक आरजे 02 जीबी 7128 के पिछले हिस्से से जा टकराया जिससे वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को हॉस्पिटल भिजवाया। सड़क दुर्घटना में बेटे की मौत की खबर सुन देर रात मृतक के घरवाले भी हॉस्पिटल पहुंच गए थे। दुर्घटना के बाद देर रात को ही पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर थाने ले आई थी। मृतक की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध धारा 106(1)के तहत अपराध दर्ज किया है।

### असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, दुकान जलकर खाक

**उदयपुर।** असामाजिक तत्वों ने बीती रात विकासखण्ड मुख्यालय उदयपुर में सड़क किनारे एक फल दुकान में आग लगा दी। आग से दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिंटू कुमार उर्फ अभिजीत सिंह एचपी पेट्रोल पंप के पास लम्बे समय से फल दुकान संचालित करते थे। बीती रात करीब 2 बजे असामाजिक तत्वों ने दुकान में आग लगा दी। पड़ोसी ऋषिकेश सोनी दुकान स्वामी को मोबाइल से घटना की सूचना दी। सूचना पर दुकान संचालक तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा लेकिन तब तक आग पूरी दुकान में फैल चुकी थी। आसपास के लोगों और पुलिस अमले ने आग बुझाने की कोशिशें की लेकिन सफलता नहीं मिली घटना के एक घंटे बाद अदानी कंपनी की दमकल पहुंची तो आग पर काबू पाया गया। आग से दुकान में रखा फल, अलमारी सहित अन्य सभी सामान जलकर नष्ट हो गए हैं। आग से दुकान के पास खड़ी एक कार एवं घर को भी नुकसान पहुंचा है। दुकान संचालक ने असामाजिक तत्वों द्वारा घटना को अंजाम देने की संभावना जताई है।



### दिव्यांग शिक्षक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**सीतापुर।** बेलगाम बाइक सवारों ने दिव्यांग शिक्षक को टक्कर कार दी। दुर्घटना में शिक्षक घायल हो गया। नगर में बाइकर्स गैंग का आतंक एवं जानलेवा रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। बेलगाम हो चुके बाइकर्स गैंग नगर में बेखौफ होकर आतंक मचा रहे है। प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर बाइक दौड़ाने वाले बाइकर्स गैंग से आम जनता काफी त्रस्त और परेशान हो चुकी है। आये दिन कोई न कोई इनकी चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार हो रहा है। मंगलवार दोपहर ग्राम नावाटोली ढेलसरा निवासी 45 वर्षीय बाइक सवार दिव्यांग शिक्षक राजन टोप्पो परिवार समेत सीतापुर से अपने घर वापस जा रहे थे। पुरानी बस्ती लाल बंगला के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 8252 सवार युवकों ने टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से दिव्यांग शिक्षक संभल नही पाये और परिवार समेत दूर जा गिरे। जबकि बाइक सवार दोनों युवक घटनास्थल पर बाइक छोड़ मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल शिक्षक को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से दिव्यांग शिक्षक के सीने में गंभीर चोटें आई है और उन्हें सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही है। डॉक्टर एवं परिजन की देखरेख में उनका उपचार जारी है। घायल शिक्षक की सूचना पर पुलिस ने बाइक चला रहे युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।



# कल्याणपुर गांव के कोटबहरा में हाथी के कुचलने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ग्रामीणों में भारी आक्रोश, आंदोलन करने की हो रही तैयारी
- वन विभाग पर लापरवाही बरतने के लग रहे आरोप

ग्राम पंचायत कल्याणपुर कोटबहरा में बुधवार की शाम एक हाथी ने अचानक हमला कर एक ग्रामीण युवक को कुचलकर मार डाला। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव निवासी 30 वर्षीय केशव भोई पिता साधु भोई शाम के समय गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक जंगल की ओर से आए हाथी ने उन पर हमला कर दिया।



देखते ही देखते हाथी ने युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोग दहशत में भाग खड़े हुए।ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिनों से क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। ये हाथी लगातार गांव के आसपास घूमते हुए खेतों में घुसकर फसलों व मकानों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों की मेहनत की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे उनकी आजीविका पर भी संकट गहरा गया है। बताया जा रहा है कि यह वही हाथी है, जो कुछ दिन पहले बलरामपुर जिले की ओर चला गया था, लेकिन फिर से लौटकर कोटबहरा क्षेत्र में आ गया और इस बार उसने एक ग्रामीण युवक की जान ले ली। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हाथियों की मौजूदगी की जानकारी पहले से होने के बावजूद न तो कोई निगरानी की गई और न ही ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए ठोस जागरूकता कदम उठाए गए। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था की जाती, तो इस तरह की दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा एक वर्ष पहले गांव में हाई मास्ट लाइट लगाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक यह कार्य पूरा नहीं हो सका है। अंधेरे के कारण रात के समय हाथियों की गतिविधियों का पता लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार 16 अप्रैल को प्रतापपुर-कल्याणपुर मार्ग पर चौक पर वृहद विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उनकी मांग है कि क्षेत्र में हाथियों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, वन विभाग की जवाबदेही तय हो और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा एवं सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं, हाथियों की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है।

## प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने होंगे विविध कार्यक्रम, 22 अप्रैल को मंडप

# ग्राम जोगी बांध में समारोह पूर्वक होगा आम पेड़ों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हरे-भरे पेड़ों की लगातार हो रही अवैध कटाई, घटते जंगल एंव बिगड़ रहे पर्यावरण से चिंतित ग्राम जोगीबांध के ग्रामीणों ने इस संबंध में क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। आबादी क्षेत्र के साथ ही वनों की लगातार बिगड़ रही हालत से चिंतित विद्युत विभाग के रिटायर्ड लाइनमैन अमरजीत राजवाड़े अपनी दुश्चिंता लोगों से साझा की तो कुछ ने इसे वर्तमान की जरूरत बताकर टाल दिया जबकि अन्य ने इसके लिए ऐसा कुछ करने की सलाह दी जिससे लोग पौधरोपण करने के साथ ही पेड़ों की सुरक्षा करने के लिए प्रेरित हो सकें। कई बार बैठकें करने के उपरांत लोगों ने समारोह पूर्वक आम के वृक्षों का विवाह रचाने के साथ ही हवन पूजन एवं विशाल भण्डारा करने का निर्णय लिया। निर्णय के अनुसार 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक समारोहपूर्वक मण्डपाच्छादन, हरिद्रा लेपन के उपरांत अंतिम दिन विधि विधान से पेड़ों का विवाह रचाया जाएगा।



समारोह में प्रतिदिन शाम में रामकथा अंतर्गत प्राचीन दण्डकारण्य की समृद्धि, समृद्ध प्राकृतिक जीवन शैली एवं भगवान राम के प्रकृति प्रेम पर चर्चा होगी। समारोह में वैवाहिक प्रसंगों के अनुसार पारंपरिक वैवाहिक गीतों को महिलाएं प्रस्तुत करेंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरजीत राजवाड़े ने बताया कि भारतीय परंपरा में पेड़-पौधों की पूजा करने का विधान है। आज भी लोग अपने कष्टों के निवारण के लिए पेड़-पौधों की पूजा करते हैं लेकिन न तो पौधे लगाते है न ही पेड़-पौधों के संरक्षण में रूचि लेते है। पेड़ों से आदमी को फल-फूल, दवा, इंधन, आधार एवं सबसे अधिक जीवन के लिए आवश्यक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिलता है। लोग खुद तो पेड़ लगा नहीं रहे, दूसरे के लगाए पेड़ों को नष्ट कर भावी पीढ़ी के लिए संकट उत्पन्न कर रहे है। समारोह के माध्यम से इसी संदेश को प्रोत्साहित करना हमारा उद्देश्य है। इस समारोह के लिए गांव में सभी लोग चंदा देकर राशि जुटा रहे हैं। समिति के आचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि पेड़ों से हमारी अन्यन्य जरूरतें पूरी होती है। पेड़ों से पक्षियों सहित अन्यान्य सूक्ष्म जीवों को आश्रम मिलता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में 11 वर्ष दण्डक वन में गुजारा तथा सभी को प्रकृति का संरक्षण करने का संदेश दिया। अपनी प्राचीन परम्पराओं से सीख लेकर हमें फिर से प्रकृति की ओर लौटना पड़ेगा। ग्राम जोगीबांध के ग्रामीण समारोह की तैयारियों में जुट गए है।

## दल से अलग होकर 3 हाथी पहुंचे फार्म हाउस में, गेहूं की फसल को किया तबाह

**रामानुजगंज।** झारखण्ड से पहुंचे 22 हाथियों की सक्रियता से ग्रामीण दहशत के बीच जीवन यापन कर रहे है। हाथी लगातार खेत-खलिहानों में रखी फसल को तबाह कर रहे है। बीती रात दल के तीन हाथी शहर के निकट पहुंच गए तथा एक फार्म में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। झारखण्ड से पहुंचे 22 हाथियों का दल दिन में एक साथ जंगल में आराम कर रहा है तथा शाम ढलते ही हाथी अलग-अलग भागों में बंटकर भोजन की तलाश में अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच जा रहे है। रात में हाथियों के कई दलों में बंटने एवं अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण करने के कारण निगरानी में वनकर्मियों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इधर रात में कभी भी आबादी क्षेत्र के निकट हाथियों के पहुंचने से दुर्घटनाएं होने की आशंका से ग्रामीण काफी भयभीत है। बीती रात दल से अलग होकर तीन हाथी नगर पंचायत क्षेत्र के निकट पहुंच गए। इस दौरान हाथी नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित बैजनाथ केशरी के फार्म हाउस के तार का घेरा तोड़कर भीतर घुस गए तथा थ्रेसिंग के लिए रखे गए 3 एकड़ गेहूं की फसल से अपन भूख मिटाई एवं फसल को रौंदकर ताबह कर दिया। घटना बुधवार को तड़के 3-4 बजे की बताई जा रही है। बैजनाथ केशरी ने हाथियें के रौंदने से 25 क्विंटल से अधिक गेहूं के क्षति होने की बात कही है। इस दौरान फार्म हाउस में चौकीदार मौजूद था। चौकीदार द्वारा लगातार शोर मचाने के बाद हाथी फार्म हाउस से निकलकर जंगल की ओर चले गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ.दिलरूबा बानो ने बताया कि हाथियों से सुरक्षा के लिए प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है तथा रात में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है। वन अमला पूरी रात हाथियों की निगरानी कर रहा है। बीती रात तीन हाथ दल से अलग होकर बैजनाथ केशरी के फार्म हाउस में पहुंचे थे तथा गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है। विभाग द्वारा क्षति का आंकलन कर मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता

**बैकुण्ठपुर।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों में र्इंधन की उपलब्धता की समीक्षा की गई। समीक्षा के अनुसार जिले के बैकुंठपुर, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1,64,631 लीटर पेट्रोल एवं 1,76,216 लीटर डीजल उपलब्ध है। विभिन्न ऑयल कंपनियों के पेट्रोल पंपों में नियमित रूप से आपूर्ति हो रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। इसी प्रकार एलपीजी (घरेलू एवं व्यावसायिक) गैस की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जिले में 783 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 228 व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध हैं तथा संबंधित एजेंसियों को निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से स्टॉक अपडेट रखें तथा आम नागरिकों को सुचारू रूप से र्इंधन उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं पेट्रोल, डीजल या गैस का अनावश्यक भंडारण न करें।

### महतारी वंदन योजना में केवाईसी के नाम पर वसूली

**सोनहत।** खंड क्षेत्र में इन दिनों महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी प्रक्रिया को लेकर अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए केवाईसी अनिवार्य है, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। इसके बावजूद क्षेत्र में हितग्राही महिलाओं से अवैध वसूली किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। स्थानीय महिलाओं के अनुसार केवाईसी के नाम पर प्रति हितग्राही 50 रूपए तक वसूले जा रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित इस प्रक्रिया की निगरानी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की जानी है, लेकिन विभागीय नियंत्रण कमजोर नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि खंड स्तर पर अनौपचारिक एजेंट सक्रिय हो गए हैं, जो महिलाओं को जल्दी केवाईसी कराने का लालच देकर निर्धारित केन्द्रों तक ले जा रहे हैं और उनसे रूपए वसूल रहे हैं, इससे योजना की पारदर्शिता और शासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं, जिससे संदेह और गहरा रहा है।

### लू, डिहाइड्रेशन और आई फ्लू से बचाव एडवाइजरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। अप्रैल और मई के दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी और हीटवेव (लू) को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और आंखों के संक्रमण (आई फ्लू) जैसी मौसमी बीमारियों के खतरे से आगाह किया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी होना कई बीमारियों को जन्म देता है, इससे बचने के लिए नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और ओआरएस का सेवन करने की सलाह दी गई है। खान-पान को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है।

## ओबीसी गणना की मांग को लेकर सर्व पिछड़ा वर्ग ने सौंपा ज्ञापन

# ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कॉलम निर्धारित हो

*रेल रोको आंदोलन की दी चेतावनी अधिसूचना में इसका प्रावधान नहीं होने से समाज में रोष एवं निराशा व्याप्त*

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

बुधवार को सर्व पिछड़ा वर्ग कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जनगणना 2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पृथक प्रावधान करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गृह मंत्रालय द्वारा 22 जनवरी 2026 को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार जनगणना 2027 के लिए निर्धारित प्रश्नावली में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वर्ग का ही उल्लेख है, जबकि ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कोई कॉलम निर्धारित नहीं किया गया है। प्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व में केन्द्र सरकार एवं विभिन्न माध्यमों से यह संकेत मिले थे कि आगामी जनगणना में ओबीसी की पृथक गणना की जाएगी, लेकिन वर्तमान अधिसूचना में इसका प्रावधान नहीं होने से समाज में रोष एवं निराशा व्याप्त है।

सर्व पिछड़ा वर्ग ने मांग की है कि जनगणना प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए स्पष्ट अलग कॉलम जोड़ा जाए, ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या का आंकलन हो सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो 26 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे सूरजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर सांकेतिक रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व पिछड़ा वर्ग कोरिया के अध्यक्ष कुलदीप प्रजापति, ओबीसी महासभा के उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, रामनारायण साहू, संतोष गोयन, धर्मसाय सारथी, हीरालाल साहू, विजय चक्रधारी, रामदास साहू, दयाराम प्रजापति, रामकुमार यादव, महेश यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


कलेक्टर कार्यालय पहुंचे समाज के प्रमुख।

## मोबाइल ऐप से होगी जनगणना, 1 मई से मकान सूचीकरण का कार्य शुरू

भारत की जनगणना 2027 को लेकर कोरिया जिला में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला कलेक्टर एवं प्रधान जनगणना अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए व्यापक तैयारी की है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा। जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण 1 से 30 मई के बीच संपन्न किया जाएगा। इसके अलावा, नागरिकों को स्वगणना की सुविधा भी दी गई है। कोई भी परिवार का मुखिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच जनगणना पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है। स्वगणना के बाद प्राप्त कोड को प्रगणक को विजिट के दौरान बताना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान एकत्र की गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इस डेटा का उपयोग केवल जनहित में नीतियों के निर्माण के लिए किया जाएगा, इसलिए नागरिकों से सही और पूर्ण जानकारी देने की अपील की गई है। जिले में सभी चार्ज अधिकारियों द्वारा हाउस लिस्टिंग ब्लॉक तैयार कर लिया गया है और प्रत्येक भवन की नंबरिंग भी पूरी कर ली गई है। फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मार्च महीने में ही पूरा कर लिया गया है। अब 15 अप्रैल से प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जनगणना का दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी-मार्च 2027 में किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्त्सि की विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी।

# कोरिया-एमसीबी में नकली पनीर का कारोबार!



- विभाग सुस्त, आम जनता के सेहत से हो रहा खिलवाड़

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश में नकली पनीर बनाने वाले गिरोह के भंडाफोड़ ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। ऐसे में कोरिया और एमसीबी जिले में नकली पनीर के कारोबार से इनकार नहीं किया जा सकता है। यहां भी धड़ल्ले से पनीर बिक्री हो रहा, लेकिन संबंधित विभाग जांच के नाम पर एकदम सुस्त नजर आ रहा। ऐसे में लोगों के सेहत से सीधा खिलवाड़ हो रहा है।

गौरतलब है कि एनालॉग पनीर के नाम पर तैयार किया जा रहा यह जहरीला उत्पाद धड़ल्ले से बाजार में असली पनीर बनाकर बेचा जा रहा था, जबकि जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा रहा। एनालॉग पनीर कोई साधारण मिलावट नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। दूध के बजाय सस्ते रासायनिक और कृत्रिम पदार्थों से तैयार यह नकली पनीर खासकर गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए गंभीर खतरा बन सकता है,लेकिन हैरानी की बात यह है कि कोरिया जिला में इस तरह के खतरों के बावजूद खाद्य एवं औषधि विभाग की सक्रियता कहीं नजर नहीं आती। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में न तो होटलों और डेयरियों की नियमित जांच होती है और न ही कोई जनजागरूकता अभियान चलाया जाता है। विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नागरिकों का कहना है कि यह तंत्र केवल दीपावली, होली और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के दौरान ही जागता है। जिले के कई होटलों में गंदगी का आलम है। बार-बार इस्तेमाल किए गए तेल में समोसे, बड़े और सब्जियां तलकर लोगों को परोसी जा रही हैं। नाम न छापने की शर्त पर उपभोक्ताओं ने बताया कि कई जगहों पर बीमार कर्मचारी गंदे कपड़ों में ही भोजन तैयार कर रहे हैं। इन होटलों के किचन में चले जाएं तो भूखे वापस होना ही महफूज होगा। वहीं सड़क किनारे ठेलों पर खुले में अस्वच्छ तरीके से नाश्ता बनाया और बेचा जा रहा है, जहां न तो स्वच्छता का ध्यान है और न ही किसी नियम का पालन। न तो इन विक्रेताओं को उपभोक्ताओं की सेहत की चिंता है और न ही प्रशासन का डर, क्योंकि निगरानी करने वाले खाद्य एवं औषधि विभाग ही कमजोर नजर आ रहा है।

# सुशासन तिहार: 30 तक लंबित मामलों का निपटारा

## 1 मई से लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार 2026 आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और जन समस्या निवारण शिविरों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 30 अप्रैल तक जिले में लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसमें भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन, मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही योजनाओं के भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा उज्जवला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

राज्य में 1 मई से 10 जून के बीच ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15-20 ग्राम पंचायतों के समूह पर और शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। साथ ही प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### निरीक्षण और समीक्षा

मुख्यमंत्री स्वयं विभिन्न जिलों में विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक लेंगे, इसके अलावा प्रभारी मंत्री और अधिकारी भी निरीक्षण करेंगे। हर जिले में समीक्षा बैठक आयोजित कर योजनाओं की प्रगति और शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

### मेगा काउंसलिंग कल, पुलिस प्रशासन ने की तैयारियां

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस प्रशासन द्वारा 17 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण मेगा काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन बैकुंठपुर में आयोजित होगा, इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महिला सेल को इस आयोजन की प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस काउंसलिंग कार्यक्रम में भिलाई एवं राजनांदगांव से वरिष्ठ पुलिस काउंसलर्स तथा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. आभाषaशी कुमार की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक विवादों के समाधान तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। पुलिस प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम की तैयारियां तत्काल प्रारंभ करें। आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ एक आकर्षक फ्लैक्सी तैयार करवाई जाएगी, जिसमें कार्यक्रम की तिथि और स्थान का उल्लेख होगा, इसके अलावा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया एवं सोशल मीडिया का सहारा लिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा




हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

15 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक भव्य एवं जनजागरूकता से भरपूर पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना था। यह पदयात्रा सांई मंदिर तिराहा मनेन्द्रगढ़ से प्रारंभ होकर राम मंदिर तक निकाली गई। पदयात्रा में काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। देश में महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया जा रहा है। इस अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं महिला प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

**न्यायालय:-मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार/नोटिस**

प्रो.नं. 186/26
आदेश दिनांक-27.03.2026
पेशी तारीख-02.05.2026
मो.दु.दावा प्र.क्र.-48/25

1- मनीराम आ. रामनाथ, उम्र 50 वर्ष, जाति पनिका, पेशा नौकरी ,निवासी ग्राम आनन्दपुर, पो. कटगोड़ी थाना व तहसील सोनहत, जिला कोरिया छ.ग....आवेदक/वादी

प्रति,

1- ईश्वर यादव आ. बसंत यादव, उम्र 22 वर्ष, पेशा कृषि, निवासी ग्राम बेलाद, थाना व तहसील सोनहत, जिला कोरिया छ.ग....वाहन चालक 2- परमेश्वर यादव आ. प्रेमलाल यादव, उम्र वर्ष, निवासी ग्राम वार्ड नं. 12 राजमोहनी वार्ड, पावर हाउस के पास, अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.... वाहन स्वामी 3- शाखा प्रबंधक, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अग्रवाल चेम्बर, प्रथम तल, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर छ.ग. ...बीमा कंपनी ...अनावेदकगण

बनाम:-आवेदक द्वारा अनावेदक क्रमांक 02 परमेश्वर यादव, आ. प्रेमलाल यादव, उम्र वर्ष, निवासी ग्राम वार्ड नं. 12 राजमोहनी वार्ड, पावर हाउस के पास, अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के विरूद्ध आवेदन पत्र वास्ते धारा 166 मोटरयान अधिनियम अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है और प्रकरण की सुनवाई पेशी तारीख 02/05/2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी। अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते है कि आप मुतलफिक की जायदाद में आपको हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालीन कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 28.03.2026 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी।

(योगेश पारीक)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
बैकुंठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

**न्यायालय :- न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

प्रोसेस नंबर – 329/2026
व्यवहारवाद क्रमांक 18A/2022
चन्दरमति व अन्य प्रति कृष्णा व अन्य

बनाम
8- फुलो आत्मज-खदेरू निवासी-कुनकरी खुर्द थाना व तहसील-बतौली
जिला-सरगुजा छ.ग.

व्यवहार वाद में स्वत्व घोषणार्थ, कब्जा प्राप्ति, स्थायी निषेधाज्ञा एवं राजस्व अधिकारियों के आदेशों को प्रभावहीन घोषित करने हेतु व्यवहारवाद वादीगण द्वारा आप अनावेदक क्रमांक-8 फुलो एवं अन्य के खिलाफ इस न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जिसे व्यवहारवाद क्रमांक 18A/2022 चन्दरमति व अन्य प्रति कृष्णा व अन्य के रूप में पंजीबद्ध किया गया है।

अतः आपको सूचना दी जा रही है कि आप नियत पेशी दिनांक तिथि 27-04-2026 के सुबह ठीक 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मुकदमे का जवाब देवें। आपको ताकीद किया जाता है कि यदि आप उक्त दिनांक पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के जरीये हाजिर नहीं होते है तो आपकी गैर हाजिरी में इस मुकदमें की सुनवाई किया जाकर फैसला किया जा सकेगा। यदि तिथि 27-04-2026 को अवकाश हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले जाते है तो आगामी कार्य दिवस पर मामले की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज दिनांक 25-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(पूजा मण्डावी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

सरगुजा मार्केट

# लग्नसरा में बाजार गरमाया खरीद-फरोख्त तेज


दुकान में भीड़-भाड़।

हरिभूमि न्यूज. सोनहत

इन दिनों लग्नसरा (शादी-विवाह का मौसम) के चलते गांव, मोहल्लों और टोलों में मांगलिक कार्यक्रमों की भरमार है। इसका सीधा असर स्थानीय हाट-बाजारों में देखने को मिल रहा है, जहां खरीदारी तेज हो गई है। हाल के दिनों में महुआ संग्रहण का कार्य लगभग समाप्त हो चुका है। ग्रामीण अब महुआ बेचकर प्राप्त राशि से शादी-विवाह और अन्य मांगलिक आयोजनों के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं।

15 अप्रैल को आयोजित साप्ताहिक बाजार में कपड़ा, बर्तन और किराना दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दूर-दराज के गांवों से आए ग्रामीण अपने-अपने जरूरत के अनुसार खरीदारी करते नजर आए। पूरे बाजार में सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक चहल-पहल देखी गई और व्यापारी वर्ग भी अच्छी बिक्री से संतुष्ट नजर आया।

डॉ. दीपा सिंह
M.B.B.S, DNB,
(Neuro Surgeon & Spine Surgeon)
पूर्व अपोलो अस्पताल, चेन्नई
न्यूरों (नसों) से संबंधित सभी बीमारियों के लिए
दिनाँक - 18 अप्रैल, 2026
दिन - शनिवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 18 अप्रैल 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 19 अप्रैल, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रेक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** जिले में सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र में जातिगत जनगणना अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम का प्रावधान नहीं होने पर गहरी आपत्ति जताई गई। ज्ञापन में बताया गया है कि देश की एक बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग से आती है, फिर भी जनगणना प्रक्रिया में इस वर्ग की स्पष्ट गणना नहीं होना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की कि आगामी जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या का आकलन हो सके और उन्हें उनके अधिकारों के अनुरूप योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रतिनिधियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनगणना के कॉलम में ओबीसी का समुचित उल्लेख नहीं किया गया, तो सर्व समाज द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इसी कड़ी में 26 अप्रैल को रेल रोको आंदोलन भी किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बाल दंत चिकित्सा विषय पर एक सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन अंबिकापुर शाखा द्वारा बाल दंत चिकित्सा विषय पर एक महत्वपूर्ण सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुंबई के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. मिलिंद एल शाह ने बाल दंत चिकित्सा के आधुनिक उपचार, नवीन तकनीकों एवं बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया।उन्होंने बच्चों के दांतों के कई रोगों का विस्तृत विवरण कर उसके इलाज के लिए उपयोग होने वाले नवीनतम पद्धतियों से, दंत चिकित्सकों को अवगत कराया। इसके साथ साथ डॉक्टरों के लिए बायोफ्लेक्स क्राउन और स्पेस मेंटेनर का वर्कशॉप भी रखा गया था। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय शशि, सचिव डॉ. विवेक सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अभय शुक्ला के अलावा जिले से बड़ी संख्या में दंत चिकित्सक मौजूद रहे।

### अक्षय तृतीय पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सख्त

**बैकुण्ठपुर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाए जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान को गति दी है। सभी विभागों को अभियान की रणनीति के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। जिले में अक्षय तृतीय के मौके पर बड़ी तादाद में बाल विवाह होने की संभावना रहती हैं। हालांकि लगातार निगरानी और सतर्कता के बाद इसमें कमी आई है। जिले ने 19 अप्रैल को अक्षय तृतीय के मद्देनजर बाल विवाह की आशंकाओं के तहत विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए हैं। विभाग के निर्देशों के बाद विभागीय अमला फील्ड में निगरानी कर रहा है। बाल विवाह में कमी लाने के लिए विभाग द्वारा विद्यालय, महाविद्यालय, पंचायत, नगरी निकाय, धार्मिक स्थल स्तर पर जन जनगरूकता अभियान चलाया गया। समाज प्रमुखों को बाल विवाह न होने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही समाज में बाल विवाह न हो इसके लिए सभी समाज प्रमुखों को अपने स्तर पर समाजिक बैठक लेकर बाल विवाह रोकने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया गया।

## सालों पुरानी परंपरा को निभाने उमड़ी किसानों की भीड़

# किसानों ने मंदिर की परिक्रमा कर हल चलाकर की 5 मुट्ठी धान की बुवाई, मनाया कठोरी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सौंदर्यता और सालों पुरानी अनूठी परंपरा आज भी ग्रामीण क्षेत्र में किसान पूरे विधि विधान पूर्वक मनाते है। कुंवरपुर के किसानों ने सालों पुराने कठोरी पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया। कुंवरपुर के किसानों ने पहले मंदिर की परिक्रमा किया फिर हल चलाकर 5 मुट्ठी धान की बुवाई कर मनाया कठोरी पर्व मनाया। सालों पुरानी परंपरा को निभाने बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ मंदिर में उमड़ी।

**खास बातें**

- विधि विधान पूर्वक की पूजा अर्चना
- किसान करते हैं भगवान को मनाने की कोशिश

सरगुजा जिले में अच्छी बारिश होने और फसल की पैदावार होने की कामना के साथ गांव में रोग, समस्या, दरिद्रता को दूर भगाने के लिए किसान हर साल कठोरी पर्व धूमधाम से मनाते है। इस साल भी ग्राम पंचायत कुंवरपुर में शिव मंदिर प्रांगण में कुंवरपुर सहित आसपास गांव के बड़ी संख्या में किसान कठोरी पर्व मनाने एकत्र हुए। किसानों ने पहले मंदिर की 7 बार परिक्रमा की फिर हल चलाकर 5 मुट्ठी धान की बुआई की जिसके बाद किसानों ने कठोरी पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अच्छी फसल के लिए पूजा स्थल पर ही 5-5 मुट्ठी धान बोकर खेती की शुरुआत की। किसानों की लंबे समय से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए देवताओं को प्रसन्न करने के लिए नारियल फोड़कर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान गांव के बैगा आलम साय, सूरज प्रसाद, सरपंच प्रतिनिधि हेमराज सिंह, अलावा पप्पू सारथी, भारत पटेल, सुब्रन प्रधान सहित गांव के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



पूजा-अर्चना करते किसाना।

### किसान करते हैं भगवान को मनाने की कोशिश

कठोरी पर्व का किसानों को बेसब्री से इंतजार रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान इसे पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाते हैं। इस पर्व पर किसान अच्छी बारिश और अच्छी फसल के लिए पूजा अर्चना करते हैं और पूरे विधि- विधान से पूजा अर्चना कर भगवान को मनाने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि परंपरा के अनुसार स्थानीय महादेव मंदिर परिसर में दोपहर के बाद ग्रामीण एकत्र हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई. ग्रामीणों के मुताबिक इस मौके पर किसान अपने साथ थाली में नारियल, घर का बनी रोटी, हल के लोहे लाते हैं।

### पर्व पर निभाई जाती है ये परंपरा

पर्व को मनाने किसान हल में लगने वाले लोहे के साथ हल चलाते समय बैलों को हांकने वाला पैना साथ लाया जाता है। धान की बुवाई कर अच्छे फसल की कामना की जाती है। दंडित कठोरी होने के बाद नए घड़े में या दूसरे बर्तन में पूजा किए हुए पानी को घर-घर ले जाकर बांटा जाता है। इसके बाद इस पानी को घर के भीतर छिड़कने के बाद ही घरों में हैंडपंप से पानी भरा जाता है।

### तालाब, कुएं से पानी भरना माना जाता है अशुभ

ग्रामीणों ने बताया कि कठोरी पर्व के दिन ग्रामीण कुआं, तालाब, नल, हैंडपंप और अन्य जलाशयों से पानी नहीं भरते. कठोरी पर्व से एक दिन पहले या रात में ही आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों द्वारा पहले दिन पानी भर लिया जाता है। कठोरी के दिन तक जमीन की खुदाई भी नहीं की जाती है।



## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में और महिलाओं के सम्मान व देश निर्माण में उनकी भागीदारी को सशक्त करने के उद्देश्य से जिले में भव्य नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े के नेतृत्व में महंगवा चौक से शिवपार्क तक विशाल महिला स्कूटी रैली निकाली गई, जिसमें बडी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को और मजबूत करेगा। आज की नारी केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, शासन और राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाएं हमेशा से सशक्त रही हैं, लेकिन उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। अब महिलाएं अपने अधिकारों के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं, जिसमें पुरुष समाज का सहयोग भी सराहनीय है। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड की महिला कर्मी एवं ब्रह्माकुमारी संस्था की दीदी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से शासन अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनेगा, जिससे सामाजिक न्याय और समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा लाल रजवाड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, एनआरएलएम से जुड़ी महिलाएं एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं उपस्थिति रही।

## कुरीतियों को दूर कर समानता का भाव लाने वाले युग पुरूष थे डॉ.अम्बेडकर : रामकिशुन

**अम्बिकापुर।** प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के आह्वान पर जिला संयोजक रविन्द्र गुप्ता भारती के नेतृत्व में डॉ.अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने समाज के प्रबुद्धजनों व बच्चों को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें संबोधित किया। डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर 135 दीपों को प्रज्वलित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर छोटे बच्चों द्वारा डॉ.अम्बेडकर की जीवनी पर अपने विचार रखे गये।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरगुजा सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह ने कहा कि बाबा साहेब युग पुरूष थे जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों एवं आपसी भेदभाव को दूर कर सभी को समानता का अधिकार दिलाने का काम किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ननि के पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहेब ने अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाकर उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। ननि के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि बाबा साहेब के अकल्पनीय एवं दूरदृष्टि सोच से संविधान का निर्माण हुआ जिसमें सभी वर्गो का अधिकार सुरक्षित किया गया। भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि जाति-पांति की विषमताओं को दूर करने एवं देश के सशक्त बनाने में बाबा साहेब की भूमिका अमर रहेगी। झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रविन्द्र गुप्त भारती ने कहा जीवन का मूल ही संविधान है जो सभी वर्गों को उनके मौलिक जीवन के कर्तव्यों का अधिकार देता है। इस मौके पर जिला महामंत्री अरूणा सिंह एंव विकेश केशरी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर पार्षदगण श्रीमती श्वेता गुप्ता, ममता तिवारी, अनिता रविंद्र गुप्त, शैलेष सिंह, शशिकांत जायसवाल, मधु चौदहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने हर्षोल्लास से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**प्रतापपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एनएसयूआई द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा ब्लॉक अध्यक्ष रिजवान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम अंतर्गत कन्या आश्रम खोरमा एवं कन्या छात्रावास में छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ मिलकर बाबा साहेब की जयंती बड़े उत्साह, श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और अपने अथक प्रयासों से समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना की। गोल्डी खान ने कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो शिक्षा को प्राथमिकता देना बेहद आवश्यक है और बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु कलम एवं कॉपी भेंट की गई। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नु सिंह धुर्वे, साहेबानी कुजूर, उपासना यादव, अनिमा बखला, अर्चना शोभा मिंज,विनय तिवारी,नईम अंसारी, राजकुमार सिंह, राजा हसन, अयान अंसारी, संजय, चांदनी, नीता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर की जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**रामानुजगंज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मद्देनजर नगर पालिका परिषद द्वारा अंबेडकर पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह अंबेडकर पार्क में नगर पालिका परिषद द्वारा स्थापित धातु प्रतिमा की सफाई करते हुए आसपास के क्षेत्रों में पेड़ों की आंशिक छटाई करते हुए घास फूस एवं कचरे को इकट्ठा करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वच्छता अभियान में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित पार्षद, नगरवासी, अधिकारी-कर्मचारी, सफाई मित्र और स्वच्छता दीदियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब का जीवन समानता और सेवा का संदेश देता है, और नगर को स्वच्छ रखना एवं सबके साथ सबका विश्वास और सबका विकास के मंत्र को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सफाई अभियान के बाद अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित पार्षदों जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षा, छुआछूत उन्मूलन और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान सुरेश दास पुरी, विजय रावत, अर्जुन दास, रूपवंती जायसवाल, उषा गुप्ता, सुभाष केसरी, अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, अशोक जायसवाल, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, मुकेश जायसवाल, प्रमोद कश्यप, ओम ठाकुर, अशोक केसरी, अजय केसरी, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, ओम गुप्ता, चंदन गुप्ता, सुरेन्द्र चंद्रवंशी के अलावा मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार, प्रकाश रंजन, जगन्नाथ गुप्ता, जगदीस राम, विनोद केसरी, प्रवीण कुमार, रोहित कश्यप, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता,विजय दास सहित कर्मचारी, सफाई मित्र और स्वच्छता दीदियां मौजूद रहीं।



### सामुदायिक भवन में मनाया गया बाबा साहब की जयंती

**राजपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का जयंती नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 6 के सामुदायिक गोंड भवन में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पार्षद विशवास गुप्ता एवं आभार अनिल भारती ने किया। इस दौरान मुन्ना लाल चौधरी, संतोष सिंह, सुरेश सोनी, विजय खुसरो, पारस आयाम, मनीष सिंह, मुन्ना गुप्ता, मो. इकबाल, रंजीत बड़ा, सोमनाथ शर्मा, अनिल खलखो, जगदीश मराबी, आदित्य, विभु जायसवाल, जोसंत केरकट्टा, खेरवार राम शांडिल्य, कामेश्वर बेक, ललन तिग्गा, हेरमन मुर्म सहित अन्य मौजूद रहे।



### जयंती पर याद किए गए डॉ अम्बेडकर,किया माल्यार्पण

**अम्बिकापुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और पेंशन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस दौरान हरिशंकर सिंह, जिला संयोजक कमलेश सोनी,अमित वर्मा,जे पी चौबे, कृष्णा तिवारी आदि उपस्थित रहे।उपस्थित लोगों ने डॉ आंबेडकर के योगदान को स्मरण किया।

# छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के निर्विरोध प्रांताध्यक्ष बने संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के संपन्न हुए चुनाव में संजय सिंह को निर्विरोध प्रांताध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संघ के चुने गए पदाधिकारियों एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। विगत 12 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय अम्बिकापुर के प्रांगण में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन सम्पन्न हुआ। मनोज सिन्हा, निर्वाचन अधिकारी एवं श्यामलाल सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए। निर्वाचन अधिकारी के द्वारा 2 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था।




निर्वाचन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा विधिवत 12 अप्रैल को उम्मीदवारों से नामांकन पत्र प्रस्तुत करने एवं नाम वापसी हेतु समय निर्धारित किया गया था। जिसमें प्रांताध्यक्ष पद हेतु सभी जिलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रान्ताध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र संजय सिंह, सहायक ग्रेड-02 संचालनालय कृषि रायपुर एवं शिवाजी यादव, सहायक ग्रेड-03 शा.उ.मा. विद्यालय उसरौट जिला रायगढ़ तथा सत्येन्द्र सिन्हा, लेखापाल कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। नामांकन पत्र प्राप्त होने के पश्चात निर्वाचन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा निर्धारित समयावधि 10.15 बजे प्राप्त नामांकन पत्रों की सूक्ष्मता से जांच की गई जिसमें तीनों नामांकन सही पाया गया। नामांकन पत्र वापसी के निर्धारित समयावधि में 10 बजकर 25 मिनट पर शिवाजी यादव एवं सत्येन्द्र सिन्हा लेखापाल के द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया गया। जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी मनोज सिन्हा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी श्यामलाल सिंह के द्वारा संजय सिंह को छ.ग.लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का निर्विरोध प्रांताध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के निर्वाचन में प्रान्तीय संरक्षक कौशलेन्द्र पाण्डेय, छ.ग. के प्रथम प्रान्ताध्यक्ष रहे व्ही.एम.दीक्षित, श्रीमती वंदना त्रिपाठी, प्रातांध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मनोज पाण्डेय, वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष, मो.जाहिद खान, उप प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय उप प्रांताध्यक्ष, सुशील टोप्पो प्रांतीय महामंत्री, प्रमोद सिंह प्रांतीय महामंत्री, महामंत्री, सभी जिलों के अध्यक्ष, प्रांतीय व संभागीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी, तहसील/विकास खण्ड के अध्यक्ष, एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। जिला-सरगुजा अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के द्वारा संजय सिंह प्रान्त अध्यक्ष, एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शाल, श्रीफल, एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छ.ग. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ सरगुजा द्वारा प्रान्तीय सम्मेलन में जिले के गौरवमयी एवं निष्ठापूर्वक शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए 57 लिपिक साथियों को सम्मानित करने के लिए सेवानिवृत्ति समारोह एवं प्रीतिभोज का आयोजन 12 अप्रैल को दोपहर 01 बजे जनपद पंचायत कार्यालय अम्बिकापुर में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में 57 सेवानिवृत्त लिपिक कर्मचारियों को माल्यार्पण कर शाल, श्रीफल, एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा सिन्हा अध्यक्ष, मनोज सिन्हा प्रांतीय सचिव, ओम प्रकाश पाण्डेय उपप्रान्ताध्यक्ष, संतोष मिश्रा अध्यक्ष बलरामपुर, प्रेमनाथ सिंह जिला कोषाध्यक्ष, भरत पाण्डेय कार्यालय सचिव, पार्थ भट्टाचार्य तहसील अध्यक्ष अम्बिकापुर, शैलेन्द्र मिश्रा, तहसील सचिव सत्येंद्र सिन्हा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, रमा यादव अध्यक्ष राजस्व लिपिक संघ श्यामलाल सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, दिलीप मेहता, उपाध्यक्ष, दिलीप भट्टाचार्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक खुंटे सचिव, शैलेन्द्र कयप, अनूप ताम्रकार सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का योगदान रहा, मंच का संचालन सत्येन्द्र सिन्हा के द्वारा किया गया।

### जयंती पर सर्व आदिवासी समाज ने निकाली रैली

**लखनपुर।** संविधान के रचयिता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के रघुवीर सूर्यवंशी, बनवारी आर्मो, सुखसाय पोर्ते, सोमारसाय के नेतृत्व में लखनपुर साक्षरता मिनी स्टेडियम में वृहद स्तर पर गाजे बाजे के साथ नगर में रैली निकाली गई। नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 15 में अंबेडकर चौक का भूमिपूजन किया। इस अवसर दोनों ही कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सर्व आदिवासी समाज ने गाजे बाजे के साथ लखनपुर साक्षरता मिनी स्टेडियम से रैली निकाल स्थानीय आंबेडकर चौक पहुंचा। अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उन्हें याद करते हुए उनके बताए हुए मार्गों पर चलने के लिए उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया। रैली का जगह-जगह स्वागत कर रैली में शामिल लोगों के लिए मुस्लिम समाज द्वारा नाश्ता और पानी का प्रबंध किया गया था। भूमिपूजन के कार्यक्रम में दिनेश साहू, विनोद हर्ष, नकुल सोनकर, दिनेश बारी,अमित अग्रवाल, सचिन बंसल, महेश्वर राजवाड़े, राहुल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपक सारथी, अमित बारी, रघुवीर, राजन, सोमर साय बरवा सहित सभी समाज के लोग मौजूद रहे।



### लक्ष्य शिक्षण संस्थान में बाबासाहेब की जयंती विविध कार्यक्रम

**शंकरगढ़।** लक्ष्य शिक्षण संस्थान बचवार में भारतीय संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के संचालक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार माना था। जयंती के उपलक्ष्य में संस्थान में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान देवंदन पन्ना, रतु पैकरा, सरिता यादव, हिमांशु, हिमाचल, प्रियांशु, सूर्यकांत, रिफत, प्रतिभा, प्रांजल यादव, देवनारायण, सचिन, नीरज, रंजीत, रोहित, प्रीतम, सेजल यादव, कुनाल गुप्ता, महक, विनम, मनीष प्रताप, अमरदीप, सोहन, रोशन, सतपाल, दीपक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### बस स्टैंड में यात्रियों के सुविधा के लिए उपलब्ध कराया गया वाटर कूलर

**रामानजुगंज।** भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा सराहनीय पहल की गई है। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल के प्रयासों से बस स्टैंड परिसर में वाटर कूलर स्थापित किया गया, जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। वाटर कूलर का उद्घाटन नगर के वयोवृद्ध नागरिक जगन्नाथ गुप्ता की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ने कहा कि बस स्टैंड पर 24 घंटे बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही रहती है। साथ ही यहां दुकान संचालित करने वाले लोगों को भी गर्मी के मौसम में पेयजल की आवश्यकता होती है जिसे ध्यान में रखते हुए सभी के लिए ठंडा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर कूलर लगाया गया है। इस दौरान सीताराम गुप्ता, शैलेश गुप्ता, मुकेश जायसवाल, सुरेश पुरी, विजय रावत, सनोज दास, पिंटू गुप्ता, पवन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, सनोज दास, नपा सीएमओ सुधीर कुमार सहित नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में युवाओं का सराहनीय योगदान

**अम्बिकापुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जिला चिकित्सालय एवं रेडक्रॉस के सहयोग से संस्था परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के डॉ. काजल पैकरा एवं अंजुला मिश्रा रक्तदान के महत्व, इसके लाभ एवं भ्रांतियों के संबंध में जानकारी दी।प्राचार्य आर जे पांडेय ने रक्तदान को महत्त्वपूर्ण सामाजिक कार्य बताते हुए सभी को प्रेरित किया। शिविर में उनकी धर्मपत्नी उपमा पांडेय ने रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें शालिनी, खुशी, डोनाल्ड, चंद्रशेखर सहित अन्य विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल ने किया।




### दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

**अम्बिकापुर।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक लखनपुर क्षेत्र निवासी एक महिला ने 12 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गांव के ही अभिषेक दास आ. संजू दास (19 वर्ष) घर में आया और नाबालिग से प्यार करने की बात कहते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 65(1),332 एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी अभिषेक दास को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो आरोपी ने नाबालिग से उसके घर में घुस कर दुष्कर्म करने बात बताई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सम्पत पोटाई, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, प्रधान आरक्षक पीताम्बर सिंह, आरक्षक सोहन राजवाड़े, केशर पैकरा सक्रिय रहे।



## प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के शौचालय ज्यादा खराब

# शासकीय स्कूलों के शौचालयों की हालत खराब विकासखण्ड उदयपुर के 220 शौचालय जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

बच्चों के उज्जवल भविष्य हो और बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके इसके मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है। बच्चों की पढाई में रूचि बढ़े इसके लिए बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था है लेकिन विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने कारण छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आलम है कि विकासखंड के 220 शौचालय की हालत जर्जर हो चुकी है। ऐसे में स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं खुले में जाने को मजबूर है।

**खास बात**

- कही दरवाजा नहीं, तो कही बोर टंकी खराब

विकासखंड उदयपुर के 90 बालिका एवं 130 बालक सहित कुल 220 शौचालय लम्बे समय से उपयोग विहीन जर्जर हालत में हैं। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शासकीय स्कूलों के शौचालयों का हाल क्या हाल है। शासन प्रशासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करती है लेकिन आज भी शासकीय स्कूलों की शौचालय की हालत दयनीय है। उदयपुर ब्लॉक में ही दो सौ से अधिक स्कूलों के शौचालय जर्जर हालत में है तो अन्य ब्लाक के प्राइमरी एवं मिडल स्कूलों के शौचालय की हालत क्या होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में भी भारी अव्यवस्था जहां जर्जर शौचालयों से काम चला रहे हैं। विकासखंड के अधिकांश ऐसे प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल है जहां पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के शासन काल में लगभग 10 साल पूर्व प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्राथमिकता के तौर पर अभियान चलाकर शहर, गांव और दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में बालक, बालिका, दिव्यांग शौचालयों का निर्माण लाखों की लागत से कराया गया था। प्रारम्भिक दिनों में स्कूलों में शौचालयों का अच्छा उपयोग हुआ लेकिन कुछ समय बाद देख रख और मरम्मत के अभाव में शौचालय जर्जर हो गए और वर्तमान अधिकांश स्कूलों के शौचालय उपयोग विहीन हो गए हैं। स्कूल के शौचालय उपयोग विहीन होने के कारण स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं खुले में जाने को मजबूर है।


ग्राम पंचायत गुमगा स्थित विद्यालय के जर्जर शौचालय।

### क्षतिग्रस्त है टंकी व दरवाजे

विकासखंड उदयपुर के स्कूलों के शौचालय जर्जर हालत में है। कही दरवाजे टूटे हुए हैं तो कही सीट खराब है। दीवार गिरने लगे हैं तो वहीं टंकी खराब है, पानी सप्लाई के लिए छत पर रखें सिंटेक्स की टंकी टूटी फूटी है या गायब हो गया है। सबसे ज्यादा हालत गुमगा ,डाँड़गांव ,सलबा, बासेन परसा, चकेरी पंडरी डाँड़ ,फुलचुही सहित आस पास के स्कूलों का हैं। बावजूद इसके आज तक समस्या की ओर न को ध्यान दिया और न ही मरम्मत करने की पहल की गई। अभिभावकों ने शीघ्र शौचालय संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

### पानी बिजली की भी है दिक्कत

ब्लाक के कुछ स्कूलों की हालत ऐसी है कि वहां बोर लंबे समय से खराब है। शौचालयों का लम्बे समय से उपयोग नहीं होने के कारण पाइप लाइन सप्लाई ,सिंटेक्स की टंकी बिजली तक की व्यवस्था नहीं है। जहां बजट है वहां कुछ ग्राम पंचायतों में मरम्मत एवं निर्माण की शुरुआत की जा रही है लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पूर्व में जो शौचालय का निर्माण करवाया गया था वह भी घटिया निर्माण होने के कारण जल्द ही जर्जर होने के कगार पर है।

### छात्राओं को होती है परेशानी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शौचालय जर्जर होने के कारण छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर में छात्राओं के लिए व्यवस्था की गई है लेकिन वह भी अधूरा होने के कारण छात्राएं उसका उपयोग करने से कतराती है। ऐसे में छात्राएं स्कूल के बाहर खुले में जाने को मजबूर है।

### विभाग को भेजी गई है जानकारी

शौचालय की मरम्मत सुधार के लिए ग्राम पंचायतों में बजट आया है। ग्राम पंचायत स्तर पर सुधार कार्य शुरू की गई है। जहां शौचालय नहीं है वहां नया शौचालय बनवाया जाएगा। जर्जर शौचालयों की जानकारी विभाग को भेजी गई है।

-रवि कांत यादव
बीईओ उदयपुर



### सांवारावा व सिरसी में नवीन सहकारी समितियों का वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

विकासखंड अंतर्गत ग्राम सांवारावा एवं सिरसी में नवीन सहकारी समितियों का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित कर अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

नवीन सहकारी समिति सांवारावा के माध्यम से लगभग 7 ग्रामों के करीब 1 हजार किसान लाभान्वित होंगे, वहीं सिरसी समिति से 5 ग्रामों के लगभग 963 किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इन समितियों के गठन से किसानों को अब केसीसी ऋण, खाद-बीज सहित अन्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि प्रदेश में एक साथ 515 नवीन सहकारी समितियों का वर्चुअल उद्घाटन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें लंबी दूरी तय न करनी पड़े और समय की बचत हो। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि सांवारावा और सिरसी में नए केंद्रों के गठन से लगभग 2 हजार किसानों की समस्याएं दूर होंगी और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रकाश दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान शांतनु गोयल, सत्यवती दुबे, संदीप दुबे, भूपेंद्र कुशवाहा,आशीष गुप्ता, बलिराम यादव, नेहा सिंह, रामस्वरूप सिंह, ददई कुशवाहा, खेलसाय राजवाड़े, अमर सिंह, ललित मिश्रा, दीपक अगरिया, धनेश्वर सिंह, सहित सहकारी समिति के संतोष जायसवाल, संतोष मिंज, श्यामलाल सिंह, विभु प्रताप सिंह, रिजवान अंसारी, सनलित कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, ऋषु दुबे, गिरजा शंकर यादव, कृष्णा राजवाड़े, महेंद्र राजवाड़े, इकबाल खान, रविंद्र गुर्जर सहित दोनों समितियों में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



### आदिम जाति सेवा सहकारी समिति विनकरा का वर्चुअल उद्घाटन

**लखनपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति विनकरा का वर्चुअल उद्घाटन आज मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम कोरजा स्थित नर्सरी ग्राउंड में किया गया। आज ही पूरे छत्तीसगढ़ में कुल 515 नवगठित समितियों का भी वर्चुअल उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सत्यनारायण साहू, सुखसाय राजवाड़े, बुधन राम, मदन, लक्ष्मण राजवाड़े,आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के नासिर खान, आरिफ खान सहित समिति के अन्य सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय की रेलिंग गिरने के मामले में जांच के आदेश

**राजपुर।** ग्राम लडुआ नवापारा में निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय की रेलिंग गिरने की घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता को जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। राजपुर में 38 करोड़ रुपये से बन रहे एकलव्य विद्यालय की रेलिंग गिरी शीर्षक से समाचार प्रकाशित हुआ था। इस खबर के सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। पत्र में उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है कि घटना की विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन तीन दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। जांच में यह स्पष्ट किया जाएगा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी तो नहीं हुई, जिसके कारण यह घटना घटित हुई। स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर लोगों में चिंता का माहौल है, करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे इस विद्यालय से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच के निर्देश देना इस बात का संकेत है कि मामले में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब सभी की नजरें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं।

## साढ़े 54 लाख रुपए के राशन घोटाला मामले में फरार संचालिका ने न्यायालय में किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शिवनंदनपुर शासकीय उचित मूल्य दुकान की लगभग साढ़े 54 लाख रुपये के खाद्यान्न गबन मामले में फरार चल रही दुकान संचालिका चंदा सिंह ने बुधवार को जिला न्यायालय सूरजपुर में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय के निर्देश के बाद बिश्रामपुर पुलिस ने एक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तारी दिखाकर केस डायरी पुनः न्यायालय में पेश की।

गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 के दौरान शिवनंदनपुर स्थित उचित मूल्य दुकान (आईडी 3920090010) का संचालन चंदा स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। इस दौरान खाद्यान्न वितरण में भारी अनियमितता सामने आई। खाद्य निरीक्षक नीतीश कुमार की रिपोर्ट पर 24 जून को बिश्रामपुर थाने में चंदा सिंह (पति विजेंद्र सिंह) और विजेंद्र सिंह (पिता शेष राम) निवासी शिवनंदनपुर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3, 7 तथा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, दुकान संचालन के दौरान 1315 क्विंटल चावल, लगभग 16.71 क्विंटल चीनी, 14 क्विंटल 1 किलो नमक और 31 क्विंटल 42 किलो अन्य खाद्यान्न की अफरा-तफरी की गई। गबन किए गए खाद्यान्न का कुल मूल्य 54 लाख 31 हजार रुपये आंकी गयी है। खाद्य विभाग द्वारा बार-बार नोटिस देने के बावजूद संबंधित संचालकों द्वारा राशि जमा नहीं किए जाने पर एसडीएम के निर्देश पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले में विजेंद्र सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है, जबकि चंदा सिंह घटना के बाद से फरार थी। बुधवार को चंदा सिंह के आत्मसमर्पण के बाद पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहाँ से उसे जमानत मिल गई है।

### नारी शक्ति के सम्मान में भाजयुमो का हस्ताक्षर अभियान

**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम अंतर्गत जिला सरगुजा में भाजयुमो द्वारा एक वृहद हस्ताक्षर अभियान का आयोजन राजमोहिनी देवी भवन अम्बिकापुर में आयोजित किया जाना है। जिसमें सभी महिलाओं को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है। जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा के महामंत्री अनीश सिंह ने बताया कि इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु किए गए ऐतिहासिक निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति आभार व्यक्त करना और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान व जन जागरूकता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को सरगुजा जिले में हस्ताक्षर कार्यक्रम होगा।

## अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। ट्रैक्टर व अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए थे गंभीर, दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम बरगाह मांजा निवासी नान्हू राम आ. स्व. मतिराम (67 वर्ष) मंगलवार को गांव में घूमने निकला था। इसी दौरान माजा निवासी देवलाल विश्वकर्मा के ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख सरपंच तीरथ सिंह ने परिजन को सूचना दी। परिजन घायल को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जशपुर आरा अंतर्गत ग्राम बैगा टोली निवासी प्रभू भूवन राम आ. बहुरा राम (29 वर्ष) ग्राम ईचकेला कन्या स्कूल के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्राम झूमरपारा नवापारा स्थित युवक ने घर पर लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत झूमरपारा नवापारा निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों से बुधवार की दोपहर घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम झूमरपारा नवापारा निवासी 33 वर्षीय बालगोविंद राजवाड़े पिता स्व.रतन राम ने बुधवार की दोपहर घर में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एसईसीएल में बड़े पैमाने में हुए तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 4 महाप्रबंधक समेत 47 माइनिंग अफसरों के कार्यक्षेत्र बदले

एसईसीएल प्रबंधन ने वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कुछ ही दिनों के भीतर बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए करीब 47 माइनिंग अधिकारियों के तबादले और प्रभार में बदलाव किए हैं,जारी आदेश में चार क्षेत्रों के महाप्रबंधकों (जीएम) के कार्यक्षेत्र भी बदले गए हैं।

इस तबादला सूची में बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा का स्थानांतरण विशेष चर्चा में है,उन्हें सेवानिवृत्ति से लगभग डेढ़ माह पूर्व हटाकर कंपनी मुख्यालय में डायरेक्टर टेक्निकल ऑपरेशन (डीटीओ) का ओएसडी बनाया गया है,बीएन झा 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं,सूत्रों के अनुसार, बैकुंठपुर क्षेत्र में संडे ओटी के नाम पर कथित वसूली से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद यह निर्णय लिया गया माना जा रहा है, हालांकि इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं दीपका क्षेत्र के जीएम एसके मिश्रा को स्थानांतरित कर मेगा प्रोजेक्ट गेवरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे पदोन्नति के रूप में देखा जा रहा है,गेवरा के जीएम अरुण त्यागी का चयन एनसीएल में डायरेक्टर टेक्निकल (डीटी) पद पर होने के बाद उन्हें कंपनी मुख्यालय बुलाया गया है और आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद उन्हें कार्यमुक्त किया जाएगा। इसके अलावा चिरमिरी क्षेत्र के जीएम अशोक कुमार को पदोन्नत करते हुए दीपका जैसे बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई है,आदेश में कई महाप्रबंधक (संचालन), सब एरिया मैनेजर और अन्य माइनिंग अधिकारियों के प्रभार में भी व्यापक बदलाव किए गए हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## मवेशियों की अवैध खरीद-फरोख्त और तस्करी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बरियो पुलिस ने मवेशियों की अवैध खरीद-फरोख्त और तस्करी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम आरा सरना पारा के समीप पिकअप से मवेशी तस्करी की सूचना मिलने पर चौकी बरियो पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस को देखकर तस्कर वाहन लेकर भागने लगे, लेकिन वाहन खेत में फंस गया, जिसके बाद चालक मवेशियों से भरा पिकअप छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले में कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस दौरान वाहन स्वामी और चालक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सीतापुर रोड अंबिकापुर से आरोपी रंका अंतर्गत ग्राम सोनपूर्वा निवासी आबिद अंसारी (32 वर्ष) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



### शराब पीने के गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कैलाशपुर निवासी रामदेव आ. करीमन (47 वर्ष) मंगलवार को खोपा बाजार डांड़ में अचेत हालत में पड़ा हुआ था। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना परिजन को दी। सूचना पर परिजन रामदेव को अचेत हालत में बतरा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत को गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। पुत्र सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि पिता रामदेव शराब पीने का आदि था और शराब पीने के बाद घर से बाहर चले जाते थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




